हरियाणा सरकार

हरियाणा

100 दिन

बेहतरीन

# सूचना, जनसम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा

# नई पहल

1. वर्ष 2020 को 'सुशासन संकल्प वर्ष' के रूप में मनाने का निर्णय
2. वर्ष 2020–21 का बजट तैयार करने के लिए विभिन्न स्टेक होल्डर्स व विधायकों से विचार–विमर्श करने की पहल
3. प्रत्येक विधायक को अपने विधानसभा क्षेत्र में पांच करोड़ रुपये के विकास कार्य करवाने का निर्णय
4. ग्राम सभा को शराब का ठेका न खोलने के लिए निर्णय की शक्ति, अब तक 872 प्रस्ताव प्राप्त
5. एग्रो–बेस्ड इंडस्ट्रीज को अभी तक बिजली इंडस्ट्रियल रेट पर दी जाती थी, जिसे अब 4.75 रुपये प्रति यूनिट किया जा रहा है
6. उद्योगों में हरियाणा के अकुशल श्रमिकों को 75 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित किये जाने का निर्णय
7. अधीनस्थ न्यायालयों के काम–काज में हिन्दी भाषा का प्रयोग अनिवार्य करने का कानूनी प्रावधान
8. उच्च न्यायालय के काम–काज में अंग्रेजी के अतिरिक्त हिन्दी भाषा के प्रयोग का निर्णय
9. अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों के लिए मेडिकल के पी.जी. पाठयक्रमों में नियमित आरक्षण किया गया

# नई योजनाएं



- 26 अक्तूबर, 2014 से अब तक 189 योजनाएं शुरू की गई, जिनमें 53 केन्द्रीय व 136 राज्य योजनाएं हैं
- सरकार द्वारा 100 दिनों में 4 नई केन्द्रीय व 6 नई राज्य योजनाएं शुरू की गई

## 100 दिनों में शुरू की गई नई योजनाएं/कार्यक्रम

| | योजनाएं | विवरण |
|---|---|---|
| 1. | जल जीवन मिशन | 2 लाख से ज्यादा ग्रामीण कनैक्शन नियमित किये गए, 2022 तक हर घर में नल से जल का लक्ष्य |
| 2. | अटल भूजल योजना | भू–जल स्तर बढ़ाने के लिए 36 ब्लॉकों में शुरूआत (712 करोड़ की योजना) |
| 3. | राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2019 | 9वीं से 12वीं तक के बच्चों को भी मुफ्त पाठ्य पुस्तकें |
| 4. | पशु किसान क्रेडिट कार्ड योजना | पशुपालन को प्रोत्साहन देने के लिए किसान क्रेडिट कार्ड की तरह |
| 5. | लाल डोरा मुक्त गांव | गांव सिरसी से इस योजना की शुरूआत |
| 6. | अटल किसान मजदूर कैंटीन | किसान–मजदूर को 10 रुपये में खाना (27 दिसम्बर, 2019) |
| 7. | किलोमीटर स्कीम | 66 नई बसें शुरू |
| 8. | 'ई–रवाना स्कीम' | खनन क्षेत्र में लागू |
| 9. | नई एक्स ग्रेशिया पॉलिसी | 52 साल की उम्र से पहले मृतक कर्मचारी के आश्रित को अनुकम्पा आधार पर नौकरी |
| 10. | ट्रीटेड वेस्ट वाटर पॉलिसी | 200 STPs से 700 क्यूसेक पानी के दोबारा इस्तेमाल का लक्ष्य |

# मुख्यमंत्री परिवार समृद्धि योजना का क्रियान्वयन

1. 'मुख्यमंत्री परिवार समृद्धि योजना' के तहत हर पात्र परिवार (जिसकी वार्षिक आय 1. 80 लाख, 5 एकड़ भूमि तक) को *बीमा और पेंशन के प्रीमियम** तथा नकद मिलाकर 6,000 रुपये वार्षिक अर्थिक सहायता का प्रावधान

2. इस योजना के लाभ के लिए परिवार पहचान पत्र अनिवार्य है

3. योजना के तहत पंजीकरण का कार्य 26 जनवरी, 2020 से शुरू

4. एक लाख परिवारों को आज तक, वर्ष 2019–20 की राशि का वितरण

| इस योजना में निम्न योजनाओं के प्रीमियम का भुगतान सरकार करती है | |
|---|---|
| प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना* | प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना** |
| प्रधानमंत्री जीवन सुरक्षा बीमा योजना* | प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना** |
| प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना* | प्रधानमंत्री लघु व्यापारी मानधन योजना** |

हरियाणा सरकार

हरियाणा 100 दिन बेहतरीन

# महत्वपूर्ण बड़े प्रोजेक्ट

1. जींद में 664 करोड़ रुपये की लागत से मेडिकल कॉलेज बनाने की स्वीकृति
2. भारत सरकार ने सूक्ष्म सिंचाई के 1200 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट स्वीकृत किये, जिसमें हरियाणा देश का पहला राज्य है जहां ट्रीटेड वेस्ट वाटर का पुनः इस्तेमाल किया जाएगा (1,20,000 हैक्टेयर क्षेत्र को लाभ होगा )
3. सोनीपत–गोहाना–जींद रेलवे लाइन पर बड़वासिनी में 200 करोड़ रुपये की लागत से ROB की स्वीकृति
4. बहादुरगढ़ में 124 करोड़ 33 लाख रुपये की लागत से बाइपास स्वीकृत
5. 282 करोड़ रुपये की लागत से 11 ROB, RUB और पुलों का निर्माण कार्य अलॉट

# अन्य महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट

6. चरखी दादरी जिले में 53.57 करोड़ रुपये की लागत से लघु सचिवालय भवन के निर्माण की स्वीकृति (28 दिसम्बर, 2019)
7. 37 करोड़ रुपये की लागत से भिवानी व गुरुग्राम में सड़कों के कार्य अलॉट

# अन्य महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट

8. सोनीपत में जीटी रोड (एनएच 44) वाया लल्हेड़ी–लड़सौली तक लिंक के साथ गन्नौर रोड वाया कामी तक मौजूदा रोड को चौड़ा करने के लिए 22.46 करोड़ रुपये स्वीकृत
9. 10 बिजली के नये सब–स्टेशन स्थापित किये गए (198 MVA)
10. 18 सब–स्टेशन की क्षमता बढ़ाई गई (446 MVA)
11. 157 किलोमीटर लम्बी 20 नई बिजली लाईने बिछाई गई
12. होडल में राजकीय महाविद्यालय और पंचकूला में संस्कृति मॉडल स्कूल खोला गया
13. मनसा देवी, पंचकूला में संस्कृत महाविद्यालय खोलने की मंजूरी
14. पंचकूला में प्रदेश की पहली संयुक्त फूड व ड्रग टेस्टिंग लैब खोलने की मंजूरी
15. अम्बाला कैंट, रेवाड़ी व पानीपत अस्पताल अपग्रेड करके 200 बिस्तर के बनाए गए
16. प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मूनक, जिला करनाल और दो उप–स्वास्थ्य केन्द्र–नारायणा, जिला करनाल और कोयल, जिला जींद खोले गए

# अन्य महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट

17. बहादुरगढ़ व बावल में 100 बिस्तरों के ईएसआई अस्पताल भवनों के निर्माण को मंजूरी

18. औद्योगिक क्षेत्र करनाल, तरावड़ी, कैथल, कुरुक्षेत्र, नूंह, नारायणगढ़, रोहतक व चरखी दादरी में नई ईएसआई डिस्पेंसरी खोलने का निर्णय

19. अलेवा में 1 करोड़ 65 लाख रुपये की लागत से बस अडडे का निर्माण किया गया

20. सोनीपत के सेरसा गांव में 16 एकड़ में मसाला मंडी की स्थापना की जा रही है

21. गुरुग्राम में 8 एकड़ भूमि पर फूल मण्डी स्थापित की जा रही है

22. तलहेड़ी, कुरूक्षेत्र में 6 करोड़ 65 लाख रुपये से आधुनिक पैक हाऊस बनाया गया

23. दीनबंधु छोटू राम विश्वविद्यालय, मुरथल में 50 करोड़ रुपये की लागत से अटल केन्द्र (एडवांस ट्रेनिंग एंड लर्निंग) की स्थापना करने का निर्णय

# योजनाओं का विस्तार

1. भावांतर भरपाई योजना में अब गाजर, टमाटर, शिमला मिर्च, बैंगन, अमरूद व किन्नू भी शामिल (अब कुल फसलें: 10)

2. टयूबवेल बिजली बिल जुर्माना माफी योजना, 2019 को 15.02.2020 तक बढ़ाया गया, इन 100 दिनों में 71,322 किसानों का 15 करोड़ 46 लाख रुपये का जुर्माना माफ

3. सहकारी समितियों के किसानों के पुराने ऋणों की एकमुश्त निपटान स्कीम के तहत इन 100 दिनों में 3,33,420 किसानों को 620 करोड़ 90 लाख रुपये ब्याज माफ

4. 500 से अधिक कर्मचारियों वाले विभागों में ऑनलाईन स्थानांतरण नीति को कैबिनेट की मंजूरी, 18 विभागों के 42 कॉडर के लिए यह नीति एक अप्रैल, 2020 से लागू होगी, जिसमें 61,175 कर्मचारी शामिल, यह नीति अभी तक 6 विभागों के 10 कॉडर में लागू की गई

5. 'हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा' की मान्यता पांच वर्ष से बढ़ाकर सात वर्ष की गई (7 जनवरी, 2020 से लागू)

# योजनाओं का विस्तार

6. एचटेट परीक्षा के लिए परीक्षार्थियों के निवास स्थान से 50 किलोमीटर के दायरे में परीक्षा केन्द्र बनाए गए

7. विश्व की 10 सबसे ऊँची चोटियों पर चढ़ने वाले हरियाणा के पर्वतारोहियों को 5 लाख रुपये नकद सहित ग्रेड–सी स्पोंटस ग्रेडेशन सर्टिफिकेट

8. शहरी सम्पति मालिकों को सम्पति कर में 10 प्रतिशत एकमुश्त छूट दी (जिन्होंने वर्ष 2019–20 के सभी देय बकाया 31 जनवरी, 2020 तक चुका दिये)

9. मेडिकल के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में EWS प्रार्थियों को 10 प्रतिशत आरक्षण (3.1.2020)

10. वंचित अनुसूचित जातियों के विद्यार्थियों को 10 प्रतिशत आरक्षण देने का निर्णय (31.1.2020)

हरियाणा सरकार

हरियाणा 100 दिन बेहतरीन

# योजनाओं का विस्तार

11. लापता सरकारी कर्मचारी के परिजन प्राथमिकी दर्ज होने के 6 महीने बाद अनुकम्पा लाभ के हकदार, पहले यह अवधि 7 वर्ष थी

12. क्लास वन अधिकारी से सीधा आईएएस बनने के लिए वर्ष 2020 से हरियाणा लोक सेवा आयोग के माध्यम से लिखित परीक्षा का प्रावधान

13. सभी 22 जिलों की वेबसाइट सुगमय प्लेटफार्म पर नये सिरे से बनाई गई

14. सरल पोर्टल में 46 सेवाएं जोड़ी गई, जिन्हें मिलाकर अब कुल 527 सेवाएं हो गई

15. 25 दिसम्बर, 2019 से वेब हेलरिस को 91 तहसीलों में लागू किया गया

16. 25 दिसम्बर, 2019 को लोकायुक्त पोर्टल का शुभारंभ

17. करनाल, पलवल, रेवाड़ी, पंचकूला, यमुनानगर, फरीदाबाद तथा गुरुग्राम में आधुनिक राजस्व रिकार्ड रूम स्थापित किये गए

# योजनाओं का विस्तार

18. बागवानी क्षेत्र में व्यक्तिगत जल संग्रहण तालाबों के निर्माण पर अनुदान सीमा 75 हजार रुपये से बढ़ाकर 7 लाख रुपये तक की गई

19. किसानों को गेहूं की बिजाई के लिए 8 घंटे की जगह 10 घंटे बिजली आपूर्ति

20. 27 अक्तूबर, 2019 के बाद 241 और गांवों में 24 घंटे बिजली आपूर्ति की जा रही है (कुल 4463 गांव)

21. सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली को बढ़ावा देने हेतु अनुदान राशि बढ़ाकर 65 से 85 प्रतिशत की गई

22. राजकीय पशु चिकित्सालयों व औषधालयों में पशुधन औषधि बैंक खोले गए

23. प्रदेश में लिंगानुपात की दर वर्ष 2019 में बढ़कर 923 हुई (वर्ष 2014 में 871)

24. पांच जिलों अम्बाला, करनाल, हिसार, रोहतक तथा यमुनानगर में पोषणयुक्त आटा वितरित किया जा रहा है, जल्द ही अन्य जिलों में होगा शुरू

हरियाणा सरकार

हरियाणा 100 दिन बेहतरीन

# जनकल्याण

1. सभी सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाएं की राशि पहली जनवरी, 2020 से बढ़ाई गई, इससे कुल 27 लाख 89 हजार 902 लाभार्थी लाभांवित (सालाना 840 करोड़ रुपये का अतिरिक्त खर्च बढ़ा)

2. वृद्धावस्था पेंशन 2000 रुपये से बढ़ाकर 2250 रुपये की गई

3. विधवा पेंशन 2000 रुपये से बढ़ाकर 2250 रुपये की गई

4. दिव्यांग पेंशन 2000 रुपये से बढ़ाकर 2250 रुपये की गई

5. लाडली पेंशन 2000 रुपये से बढ़ाकर 2250 रुपये की गई

6. हरियाणा भवन एवं सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड में पंजीकृत श्रमिकों की पेंशन 2500 रुपये से बढ़ाकर 2750 रुपये की गई

7. छात्रा परिवहन सुरक्षा योजना के तहत घर से दो किलोमीटर से अधिक दूरी वाले स्कूलों के लिए छात्राओं को मुफ्त परिवहन सुविधा (14000 छात्राएं इस सुविधा का लाभ ले रही हैं, जिस पर 5.6 करोड़ रुपये खर्च किये जा चुके हैं)

# जनकल्याण

8. राज्य परिवहन की बसों में 25 नवम्बर, 2019 से कैंसर पीड़ित के एक सहयोगी को भी मुफ्त यात्रा की सुविधा

9. तिब्बती शरणार्थियों के बच्चों को सरकारी स्कूलों में प्रवेश, मिड–डे–मील, मुफ्त पाठ्य पुस्तकें, वर्दी व अन्य सुविधाएं देने की स्वीकृति दी

10. तेजाब पीड़ित महिलाओं की सहायता योजना में घटना से तीन वर्ष पहले से हरियाणा में रहने की शर्त हटाई (3 जनवरी, 2020 से लागू)

11. "मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना" में सामूहिक विवाह करने वाले वर–वधू में से कोई एक हरियाणावासी होने पर 51 हजार रुपये का प्रावधान किया (12 दिसम्बर, 2019 से लागू)

12. आउटसोर्सिंग नीति के तहत कार्यरत महिला कर्मचारियों को मातृत्व अवकाश की सुविधा

# राजस्व में बढ़ोतरी

| | 27 अक्तूबर, 2018 से 4 फरवरी, 2019 | 27 अक्तूबर, 2019 से 4 फरवरी, 2020 | वृद्धि |
|---|---|---|---|
| 1.राज्य जीएसटी | 3,190 करोड़ रुपये | 3,863 करोड़ रुपये | 672 करोड़ रु0 (22 प्रतिशत) |
| 2.खनन | 144 करोड़ रुपये | 185 करोड़ रुपये | 40 करोड़ रु0 (28 प्रतिशत ) |
| 3.स्टेट एक्साइज | 1450 करोड़ रुपये | 1554 करोड़ रुपये | 104 करोड़ रु0 (7 प्रतिशत ) |

4. इसी अवधि में राज्य का कुल कर राजस्व संग्रहण 5238 करोड़ 57 लाख रुपये हुआ जोकि पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 4227 करोड़ 98 लाख रुपये था (1010 करोड़ 59 लाख रुपये की वृद्धि )

# कानून एवं व्यवस्था

1. हरियाणा पुलिस में महिला पुलिस कर्मियों की संख्या 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत करने का निर्णय

2. गत 100 दिनों के दौरान पुलिस की प्रभावी पैरवी के चलते बलात्कार एवं पॉक्सो एक्ट के तहत 85 आरोपियों को अपराधी ठहराया गया

3. प्रत्येक जिले में माडर्न पुलिस थाना बनाने का निर्णय

4. अम्बाला रेंज में 5 नये पुलिस थाने खोलने की स्वीकृति

5. मधुबन स्थित पुलिस कॉम्पलैक्स में फॉरेंसिक साइंस प्रयोगशाला (एफ.एस.एल.) के "ट्रैकिया" बार–कोडिंग सिस्टम का शुभारंभ

6. अवैध खनन को रोकने के लिए विशेष अभियान में 760 से अधिक जेसीबी, ट्रक, डम्पर, ट्रैक्टर व ट्रॉली जब्त किये गए

हरियाणा सरकार

# नई प्रशासनिक इकाइयां

हरियाणा 100 दिन बेहतरीन

| 26 अक्तूबर, 2014 से 26 अक्तूबर, 2019 | 100 दिनों में |
|---|---|
| 1. सैनिक कल्याण विभाग | 1. नागरिक संसाधन सूचना विभाग<br>2. विदेश सहयोग विभाग |
| 2. सोनीपत नगरपरिषद को नगरनिगम का दर्जा<br>3. सात नई नगरपालिकाएं | 3. नगरपालिका, झज्जर को नगरपरिषद् बनाने का निर्णय |
| 4. 12 नये उप–मण्डल | 4. एक उपमण्डल– बादशाहपुर, जिला गुरुग्राम |
| 5. 11 नई तहसीलें व 10 नई उप–तहसीलें | |
| 6. नया जिला चरखी दादरी | |
| 7. करनाल व फरीदाबाद दो नये मण्डल | |

हरियाणा सरकार

# महत्वपूर्ण अवार्ड

हरियाणा 100 दिन बेहतरीन

- प्रदेश को विभिन्न क्षेत्रों में 26 अक्तूबर, 2014 से अब तक कुल 122 राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हुए, जिनमें से 8 पुरस्कार पिछले 100 दिनों में मिले हैं

## 100 दिनों में मिले राष्ट्रीय पुरस्कारों का विवरण (भारत सरकार द्वारा)

| | राष्ट्रीय पुरस्कार | क्षेत्र |
|---|---|---|
| 1. | गोल्ड अवार्ड (ई–गवर्नेंस का राष्ट्रीय पुरस्कार) | अन्त्योदय सरल परियोजना |
| 2. | ऊर्जा दक्षता सूचकांक–2019 में प्रथम रैंक | ऊर्जा दक्षता |
| 3. | एक्सीलेंस इन कॉस्ट मैनेजमेंट में प्रथम पुरस्कार | बिजली लागत घटाने |
| 4. | कृषि कर्मण पुरस्कार | सरसों उत्पादन |
| 5. | सर्वश्रेष्ठ पशुपालन राज्य पुरस्कार | पशुपालन के क्षेत्र में |
| 6. | स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण–2019 पुरस्कार में उत्तरी क्षेत्र में प्रथम | स्वच्छता |
| 7. | सामाजिक न्याय एवं आधिकारिता विभाग को राष्ट्रीय पुरस्कार | दिव्यांगजनों के लिए Best Accessible Website |
| 8. | प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में तीसरा पुरस्कार | गर्भवती/स्तनपान कराने वाली महिलाएं |

# अन्त्योदय, सुशासन व स्वावलम्बन से सुगम जीवन की ओर अग्रसर हरियाणा

# धन्यवाद!